हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 30 अप्रैल 2025

11 एसीपी ने की नप चेयरमैन व पार्षदों के साथ बैठक

12 अवशेष जलाने से झज्जर रोहतक रोड पर मुश्किल ...


SANSKARAM GROUP OF SCHOOLS, JHAJJAR
India's Most Trusted School for Integrated Classroom Programme
IIT-JEE NEET NDA MNS CLAT
CA-CS CUET SSC VVM VSSF
संस्कारम पब्लिक स्कूल से लेकर संस्कारम यूनिवर्सिटी तक –के.जी. से पी.एच.डी. तक की सम्पूर्ण शिक्षा !
BOARD Results 2024
2025-26 ADMISSION OPEN
CBSE CLASS XII Topper 99% RITIKA D/o DEVENDER JHAJJAR
CBSE CLASS X Topper 98.2% KANIKA D/o BALWAN KHERI KHUMMAR
CBSE CLASS X Topper 98.2% CHIRAG S/o RAMBIR CHIMNI
JHAJJAR CAMPUS : NH.334B, Main Dadri Road, Khatiwas, Jhajjar, 8222889860, 8222889862 | PATAUDA CAMPUS : NH. 352, Pataudа, Near Kulana, Jhajjar , 9053007801, 9053007802

## खबर संक्षेप

### बहादुरगढ़ में महिला सहित दो की मौत

**बहादुरगढ़।** इलाके में अलग अलग स्थानों पर महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। जसोरखेड़ी में महिला की मौत हुई है। महिला की पहचान शशि के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। परिजन अस्पताल में लेकर पहुंचे तो मृत घोषित कर दी गई। आसौदा पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं, गांव खैरपुर में फांसी लगाने से एक युवक की मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान रवींद्र के रूप में हुई है। सदर थाना पुलिस ने मामले में परिजनों के बयान के आधार पर कार्रवाई की है।

### सोलधा से किशोर लापता, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** उत्तर प्रदेश मूल का एक किशोर बहादुरगढ़ इलाके से लापता हो गया है। काफी तलाशने के बाद भी वह नहीं मिल सका। सदर थाना पुलिस ने किशोर की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी सूचना में सहारनपुर यूपी के निवासी मोहम्मद इरफान का कहना है कि उसका 13 वर्षीय बेटा आलीशान मेरे दोस्त दिनेश के साथ सोलधा स्थित एक भट्ठे पर काम काम करता है। दिनेश के साथ ही रहता है। गत 28 अप्रैल की सुबह आठ बजे से वह लापता है। कुछ अता पता नहीं है। पुलिस तलाशने में मदद करे।

### कोचिंग सेंटर से लैपटॉप व अन्य सामान चोरी

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-9 में स्थित एक कोचिंग सेंटर में चोरी की वारदात हो गई। अज्ञात चोर मकान में घुसा और लेपटॉप, कैमरे सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर गया। सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में दीपक राठी ने कहा है कि उसने सेक्टर 9 स्थित एक मकान में कोचिंग सेंटर खोल रखा है। वह ऑनलाइन भी कोचिंग देता है। बीती रात को मकान में वारदात हो गई। सुबह जब वहां गए तो वारदात का पता चला। इसके बाद जांच शुरू की। सामने आया कि रात करीब साढ़े 12 बजे एक चोर मकान में घुसा और वारदात को अंजाम दे गया। जांच के दौरान दो लेपटॉप, दो डीएसएलआर, दो माइक, चार मेमोरी कार्ड, चार्जर सहित अन्य सामान गायब मिला। उधर, सूचना पाकर चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

# ड्यूटी में कोताही के आरोप में बादली थाने के दो पुलिसकर्मी सस्पेंड, एसएचओ व अन्य कर्मियों को कारण बताओ नोटिस

■ पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने 26 की रात को बादली थाने का किया था औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

झज्जर पुलिस कमिश्नर की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई है। बादली थाने में तैनात मुंशी सहित दो कर्मचारियों को सस्पेंड किया गया है। जबकि एसएचओ सहित कुछ अन्य पुलिस कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। दरअसल, झज्जर की पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने गत 26 अप्रैल की रात को बादली थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ड्यूटी में कोताही पाए जाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए उन्होंने थाने के मुंशी मुख्य सिपाही विवेक और नाइट मुंशी सिपाही विकास कुमार को सस्पेंड कर दिया। वहीं थाना बादली प्रबंधक निरीक्षक राकेश कुमार, उप निरीक्षक सतबीर, ड्यूटी अधिकारी मुख्य सिपाही अनिल कुमार, ईएचसी राजेश कुमार को कारण बताओ नोटिस दिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जानलेवा हमला करने के मामले में एक आरोपी को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया था। आरोपी की निगरानी के लिए लगाई गई ड्यूटी में लापरवाही पाई गई है। वहीं रात्रि मुंशी सिपाही विकास कुमार भी वर्दी में नहीं था। ऐसा करके उन्होंने अनुशासनहीनता दिखाई है। जिस पर कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस आयुक्त डॉ. राजश्री सिंह ने दोनों कर्मचारियों को सस्पेंड करने के आदेश जारी कर दिए हैं। पुलिस आयुक्त ने सभी कर्मचारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा है कि ड्यूटी के दौरान की जाने वाली लापरवाही को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी किसी भी थाना/चौकी का औचक निरीक्षण किया जा सकता है। इस दौरान लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। आमजन की सेवा करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसलिए थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ सम्मान पूर्वक व्यवहार करें और उनकी शिकायतों का समय रहते निवारण करें। कोताही बरतने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई होगी।



■ जानलेवा हमले के आरोपी की निगरानी में मिली लापरवाही, वहीं थाने का मुंशी विकास कुमार बिना वर्दी के ड्यूटी पर मिला

# पेपर देने गया युवक लापता

■ परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव बिरड में घर से पेपर देने के लिए निकला युवक संदिग्ध परिस्थितयों में लापता हो गया। पुलिस को दी शिकायत में रेवाड़ी के राजीव नगर निवासी श्रीकृष्ण ने बताया कि उसका भांजा करीब बीस वर्षीय गौतम उर्फ चिंटू पुत्र कर्मबीर सिंह बिरड गांव से बीती 25 अप्रैल की दोपहर करीब बारह बजे घर से पेपर देने के लिए गया था। जब वह शाम तक घर नहीं लौटा तो उन्होंने उसे अपने स्तर पर तलाशने का प्रयास किया लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए लापता युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### सोलर पंप से छह प्लेट व मोटर की डोरी चोरी




**झज्जर।** क्षेत्र के गांव दूबलधन में खेत में लगे सोलर पंप से प्लेट व मोटर की डोरी चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत किसान शमशेर पुत्र रामचंद्र ने बताया कि उसके खेत से रात को सोलर पंप की छह प्लोट व मोटर की डोरी चोरी हो गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हुआ

# कार ने तीन बाइक सवारों को टक्कर मारी, राहगीर कुचले

## डाईवर्सन रोड पर रेवाड़ी मार्ग से आई तेज रफ्तार कार का कहर, घायल उपचाराधीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

मंगलवार सांय शहर के डाईवर्सन रोड पर एक तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार कर कई लोगों को घायल कर दिया। घायल लोगों में अधिकांश मोटरसाइकिल पर सवार थे। यदि प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो रेवाड़ी रोड की तरफ से आई इस तेज रफ्तार गाड़ी ने एक के बाद एक करते हुए तीन मोटरसाइकिलों को टक्कर मारी वहीं पैदल राहगीरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में घायल हुए शहर के दिल्ली गेट निवासी करीब 36 राजकुमार ने बताया कि वह कच्चा बादली रोड स्थित एक किरयाणा की दुकान पर कार्य करता है।

उनकी दुकान की रिक्शा का टायर खराब हो गया था। जिसके चलते वह दुकान मालिक के बड़े भाई अनिल के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर टायर लेने कोसली बाईपास गए थे। इसी दौरान रेवाड़ी रोड की तरफ से आ रही एक सिल्वर रंग की गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी। इस टक्कर में वे दोनों मोटरसाइकिल सहित जमीन पर जा गिरे जिस कारण उसके हाथ व पैर में गंभीर चोटें आई। इस दौरान जहां उनकी मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई वहीं उसका मोबाइल भी कहीं गिरकर गुम हो गया।

राजकुमार के अनुसार तेज रफ्तार गाड़ी ने इससे पहले कच्चा बाबरा रोड के नजदीक भी एक बुजुर्ग दंपत्ति को घायल किया जिन्हें उपचार के लिए सिलानी गेट के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि इस गाड़ी ने कई अन्य राहगीरों को भी चोट पहुंचाई। वारदात के बाद गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया।



■ कार की टक्कर से बाइक सवार युवक सड़क पर जा गिरे
■ बाइक क्षतिग्रस्त कार चालक ने बुजुर्ग दंपति को भी कुचला

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद में ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। इस संबंध में परिजनों के बयान पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान करीब 48 वर्षीय बिजेंद्र सिंह के रूप में हुई है। बिजेंद्र गांव रोहद का रहने वाला था। मेहनत मजदूरी करता था। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की सुबह वह गांव के निवासी जोगेंद्र के साथ मनरेगा के तहत काम करने दहकोरा गांव जा रहा था। जब वे दहकोरा मार्ग पर जिंदल कंपनी के पास पहुंचे तो पीछे से एक ट्रैक्टर आया।

### ट्रैक्टर चालक मौके से फरार

आरोप है कि ट्रैक्टर ने बिजेंद्र को साइड मार दी। जब बिजेंद्र नीचे गिर गया तो ट्रैक्टर उसको कुचलकर आगे बढ़ गया। साथी जोगेंद्र ने राहगीरों की मदद से उसे संभाला और अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने बिजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जोगेंद्र के बयान पर पुलिस ने केस दर्ज किया। जोगेंद्र का कहना है कि हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। उधर, जांच अधिकारी अशोक कुमार का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। ट्रैक्टर का नंबर मिल गया है। इस आधार पर आरोपी तक पहुंचने की कोशिश की जाएगी।

# निजी स्कूल संचालकों ने सीएम से की मुलाकात

■ शिक्षकों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को मांगपत्र सौंपा



**बहादुरगढ़।** सीएम समक्ष गुहार लगाते निजी स्कूल संचालक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

इलाके के कुछ निजी स्कूल संचालकों ने चंडीगढ़ में सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। सामाजिक कार्यकर्ता धर्मबीर सैनी के साथ पहुंचे इन संचालकों ने सीएम को अपना मांगपत्र सौंपा। स्कूल संचालकों का कहना है कि हम पिछले 15 से 20 वर्षों से स्कूल का संचालन कर रहे हैं लेकिन आज तक किसी सरकार ने ऐसी कार्रवाई नहीं की, जैसी अब हो रही है। हम बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं। न कि कोई नशा बेच रहे या गलत काम कर रहे, जो सरकार इतने सख्त कदम उठा रही है। ऐसे ही सख्ती बरती जाती रही तो निजी स्कूल संचालक और स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षक बेरोजगार हो जाएंगे। कुछ अधिकारी जान-बूझकर हमें परेशान कर रहे हैं। उधर, धर्मवीर सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि सरकार की मंशा किसी भी स्कूल संचालक को परेशान करना नहीं है। सरकार लोगों के हित के लिए काम कर रही है। इस मुद्दे पर भी संबंधित अधिकारियों से बात कर उचित समाधान निकाला जाएगा।

■ अधिकारियों पर परेशान करने का आरोप, सीएम बोले, समाधान निकालेंगे

# पत्नी ने कराई पति की हत्या, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

■ पत्नी सहित अन्य आरोपी गिरफ्तार

सीआईए की एक टीम द्वारा शहर के बल्लू वाली कुई पार्क में हुई एक व्यक्ति की हत्या के मामले में कार्रवाई करते हुए पत्नी सहित एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। शहर थाना प्रभारी बलदेव ने बताया कि चुन्नी लाल निवासी नगरिया सिहानी जिला अलीगढ़ यूपी हाल यादव कालोनी झज्जर ने शिकायत देते हुए बताया 26 अप्रैल की रात मेरी भाभी ने मुझे फोन करके बताया था कि उसका भाई जसवीर करीब एक घंटा पहले शराब पीकर घर से गया था और अभी तक वापिस घर नहीं आया है। जिसके चलते उसने अपने भाई की तलाश शुरू कर दी। बाद में मेरी भाभी ने मोबाइल पर बतलाया कि जसवीर बल्लू वाली पार्क में मिल गया है। जब वह घर पहुंचा तो देखा कि उसका भाई अचेत पड़ा है और उसके सिर व गले पर चोट के निशान थे। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में जसवीर की हत्या की जाने की बात कही। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने एक महिला सहित दो आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान हरि ओम निवासी धूम दादरी जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के तौर पर की गई। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि पहले आरोपी हरिओम ने मृतक जसवीर को पार्क में ले जाकर उसे शराब पिलाई थी। शराब पीने के बाद आरोपी ने मृतक को चोट मार कर और गले में परना डालकर उसकी हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों के मोबाइल को कब्जे पुलिस में लिया जा चुका है। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। जहां से मृतक की पत्नी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं आरोपी हरिओम को पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।



**झज्जर।** पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ।

# एनसीआर माइनर में डूबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गर्मी के मौसम में हर साल एनसीआर माइनर में डूबने से कई लोगों की मौत हो जाती है। अब एक बार फिर से यह सिलसिला शुरू हो गया है। यहां बादली से गुजर रही एनसीआर माइनर में डूबने से एक प्रवासी युवक की मौत हो गई है। कई घंटे की मशक्कत के बाद शव को माइनर से बाहर निकाला जा सका। मंगलवार को बादली थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजनों के बयान पर पुलिस ने घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की है। मृतक की पहचान करीब 26 वर्षीय बुद्धन के रूप में हुई है। बुद्धन मूलतः नालंदा बिहार से था। पिछले कुछ समय से यहां बादली स्थित एक भट्ठे पर रह रहा था। भट्ठे के पास से माइनर गुजर रही है। बताते हैं कि सोमवार को वह एनसीआर माइनर पर नहाने गया था। उसे तैरना नहीं आता था। इस वजह से वह डूब गया और बाहर निकल नहीं सका। साथी मजदूरों ने उसे बचाने के प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बचाव कार्य शुरू किया। गोताखोर टीम बुलाई। कई घंटे तक रेस्क्यू अभियान चला। शाम के वक्त बुद्धन मृत अवस्था में माइनर से बरामद हुआ। शव को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां मंगलवार को पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।



**बहादुरगढ़।** गाड़ी में युवक का शव रखवाते परिचित।

### प्रतिबंध के बावजूद नहाने से बाज नहीं आ रहे लोग

बता दें कि एनसीआर माइनर में पानी का बहाव तेज रहता है और गहराई अधिक है। माइनर में गिरने के बाद बचना मुश्किल हो जाता है। हर साल इस माइनर में गिरने से कई लोगों की मौत हो जाती है। हालांकि पुलिस द्वारा इस माइनर पर नहाने के लिए रोक लगाई गई है। पुलिस द्वारा निगरानी भी की जाती है लेकिन फिर भी लोग जान जोखिम में डालकर माइनर में नहाने से बाज नहीं आते। जिस वजह से हादसे हो जाते हैं।

### हसनगढ़ से लापता युवक का शव आसौदा के पास माइनर में मिला

**बहादुरगढ़।** रोहतक के हसनगढ़ से लापता एक युवक का शव दो दिन बाद यहां आसौदा के पास एनसीआर माइनर में मिला। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। मामले में जांच शुरू कर दी गई है। सांपला पुलिस कार्रवाई कर रही है। मृतक की पहचान 21 वर्षीय तरुण के रूप में हुई है। वह हसनगढ़ का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, गत 26 अप्रैल की शाम को वह गेहूं लेकर चक्की पर गया था लेकिन वापस घर नहीं पहुंचा। काफी देर तक नहीं लौटा तो परिजनों ने तलाश शुरू की। तलाश करते करते परिजन खुरमपुर मोड़ के पास स्थित माइनर के पुल पर पहुंचे। वहां पुल के निकट तरुण की बाइक पाई गई। इसके बाद उन्हें शंका हुई और पुलिस को सूचना दी। सांपला पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की थी।




# प्रभास की 'बाहुबली' सिनेमाघरों में फिर हो रही री-रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता प्रभास की 'बाहुबली: द बिगिनिंग' हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्मों में से एक है। एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी यह फिल्म 10 जुलाई, 2015 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छापे। अब लगभग 10 साल बाद 'बाहुबली' एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म अक्टूबर, 2025 में सिनेमाघरों में दोबारा दस्तक देगी। निर्माताओं ने खुद इसकी पुष्टि की है। 'बाहुबली' को इस साल अक्टूबर में एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'बाहुबली बड़े पर्दे पर वापस आ रहा है।

## लाइफ Style



# तृप्ति
## माधुरी के साथ फिर करेंगी काम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी।दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी।

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी एक बार फिर माधुरी दीक्षित के साथ फिर काम करती नजर आ सकती है। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी ने अनीस बज्मी की फिल्म भूल भुलैया 3 में स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। भूल भुलैया 3 के बाद तृप्ति और माधुरी एक कॉमेडी ड्रामा में फिर से साथ काम करने के लिए तैयार हैं। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी विक्रम मल्होत्रा के प्रोडक्शन बैनर अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट के लिए एक कॉमेडी ड्रामा में स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी, जिसका नाम फिलहाल मां बहन बताया जा रहा है। यह एक नेटफ्लिक्स ओरिजिनल है और अगले महीने मुंबई में फ्लोर पर जाएगी।


इस फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी कर रहे हैं, जिन्हें तुम्हारी सुलु और जलसा जैसी फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है। यह फिल्म एक कॉमेडी-ड्रामा है, जो तीन किरदार पर आधारित है। इस फिल्म की सबसे खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी।दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी।

## हॉलीवुड मसाला




# अरबपति सिंगर ने बसाया अपना गांव

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश पॉप सिंगर एड शीरन की पॉपुलैरिटी किसी से छिपी नहीं है। उनका हर गाना चार्टबस्टर साबित होता है। उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों की लंबी-लंबी लाइनें लग जाती है। हालांकि इस समय वो अपने गाने नहीं बल्कि खुद का अलग गांव बसाने को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि उन्होंने ये माना है कि ये 'अजीब' है लेकिन वो अपने परिवार को प्राइवेसी देना चाहते थे। दरअसल पॉप स्टार ने इंग्लैंड के सफोक में अपने घर के आस-पास की जमीन और दूसरे घरों को खरीदने में काफी पैसे खर्च किए हैं ताकि वो बड़ा एस्टेट बना सके।



# 'सिनर्स' थिएट्रिकल सिनेमा के लिए बनी गुड न्यूज...

**लॉस एंजिल्स।** माइकल बी. जॉर्डन स्टारर फिल्म 'सिनर्स' दुनिया भर के थिएटर्स में जमकर भीड़ जुटा रही है। 18 अप्रैल को थिएटर्स में रिलीज हुई इस फिल्म को डायरेक्टर रायन कूगलर ने डायरेक्ट किया है, जो इससे पहले 'ब्लैक पैंथर' फ्रैंचाइजी और 'क्रीड' जैसी फिल्में डायरेक्ट कर चुके हैं। अब उनकी नई फिल्म 'सिनर्स' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कमाल किया है जिसने दुनिया भर के फिल्म बिजनेस एक्सपर्ट्स को सरप्राइज कर दिया है।बी. जॉर्डन की फिल्म हॉरर फिल्म की कैटेगरी में आती है और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर ये कैटेगरी बहुत बड़े बॉक्स ऑफिस कलेक्शन नहीं जुटाती है। मगर हॉरर फिल्म होने के बावजूद 'सिनर्स' ने पहले वीकेंड में यूएस बॉक्स ऑफिस पर 48 मिलियन डॉलर का कलेक्शन किया था। संडे की कमाई के साथ 'सिनर्स' का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 10 दिन में 161 मिलियन डॉलर्स से ज्यादा हो चुका है।



# 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन बनेंगी शुभांगी...

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं।यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि साल 2002 में आई फिल्म 'ओम जय जगदीश' के बाद यह अनुपम के निर्देशन में बन रही दूसरी फिल्म है। अनुपम ने न केवल फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है, बल्कि वह इसमें अभिनय भी करते नजर आएंगे। अब 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन के नाम का खुलासा हो गया है। 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन का नाम शुभांगी है। अभिनेत्री काजोल ने एक विशेष कार्यक्रम के दौरान शुभांगी पेश किया गया। टीजर में सिर्फ म्यूजिक के साथ तन्वी के लुक को पेश किया गया, जो काफी भावुक है। शुभांगी को अनुपम के प्रसिद्ध एक्टिंग स्कूल 'एक्टर प्रिपेयर' से चुना गया है।



# 'धमाल-4' का क्लाइमेक्स मुंबई में होगा शूट

**मुंबई।** अभिनेता अजय देवगन आने वाले समय में एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। सुपरहिट कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'धमाल' की चौथी किस्त 'धमाल 4' भी इन्हीं में से एक है। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग अपने अंतिम चरण पर है। अब 'धमाल 4' के क्लाइमेक्स से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। आइए जानें फिल्म का क्लाइमेक्स कब-कहां शूट किया जाएगा और इसमें अजय के साथ कौन-कौन शामिल होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'धमाल 4' का आखिरी शेड्यूल 15 मई से मुंबई में शुरू होगा, जहां जंगल थीम वाला एक बड़ा सेट बनाया जा रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह शेड्यूल जून के आखिर तक पूरा हो जाएगा और इसके बाद पोस्ट-प्रोडक्शन का काम शुरू होगा।

## टीवी मसाला

# कभी जूते किए पॉलिश, बेची चाय, सब्जियों के लगाए ठेले!

**नई दिल्ली।** आज के दौर में जितने अमीर हीरो- हीरोइन हैं, उतने ही स्टैंड-अप कॉमेडियन भी होते जा रहे हैं। कपिल शर्मा और भारती सिंह को ही ले लीजिए तो वे स्टार्स से कम नहीं हैं। अपनी हंसी मजाक के जरिए ही वे करोड़ों छाप रहे हैं। बहरहाल, यहां हम एक ऐसे कॉमेडियन के बारे में बात कर रहे हैं जिसने गरीबी से उठकर अमीर बनने में लंबा संघर्ष किया है। यहां तक कि सब्जी भी बेची है और जूते भी बनाए हैं, लेकिन आज वो लग्जरी लाइफ जी रहा है।



***चाय की दुकानों में किया काम, आज है ऐश-ओ- आराम :*** जिसके बारे में हम यहां बात कर रहे हैं वो हैं सुदेश लहरी, जो कि एक भारतीय स्टैंड-अप कॉमेडियन हैं। वे टेलीविजन कॉमेडी कार्यक्रमों में दिखाई दिए हैं और स्टेज शो में प्रदर्शन किया है। सुदेश लहरी की गरीबी से अमीरी तक की कहानी एक हर किसी के लिए प्रेरणादायी है। अभिनेता-कॉमेडियन, जो कभी चाय की दुकानों, कारखानों में काम करते थे और आजीविका के लिए जूते बनाते थे। अब मुंबई में एक आलीशान अपार्टमेंट के मालिक हैं। उनकी संपत्ति में तीन बेडरूम, एक बड़ा डाइनिंग रूम, एक मॉड्यूलर किचन, एक निजी स्टूडियो, होम थिएटर और साथ ही एक बड़ा लिविंग रूम शामिल है।

### ऐसा था लहरी का बचन

इससे पहले, अर्चना पूरन सिंह के व्लॉग पर दिखाई देते हुए, सुदेश ने एक समय को याद किया था जब उन्हें अपना घर बेचना पड़ा था। बचपन को याद करते हुए सुदेश कहते हैं, 'मैंने बचपन में बहुत मेहनत की है। मैंने गरीबी देखी है। मैंने छोटी-छोटी दुकानों में काम किया है, चाय बनाई है, कई फैक्ट्रियों में काम किया है, जूते बनाए हैं। सब्जियां बेची हैं। अमीरों को झूठ नहीं बोलना पड़ता, लेकिन गरीब होने के कारण हमें अक्सर साहूकारों से पैसे मांगने पर झूठ बोलना पड़ता है। यह सब मेरे लिए एक्टिंग कोर्स की तरह काम करता है।

### परिवार ने खुद डिजाइन किया सुदेश का घर

सुदेश लहरी ने हाल ही में पिंकविला को अपने घर का दौरा कराया, जहां उन्होंने कहा कि उन्होंने और उनके परिवार ने खुद ही घर को डिजाइन किया है। अभिनेता ने मजाक में कहा, 'हमने इंटीरियर डिजाइनर को नहीं रखा, क्योंकि वे महंगे हैं। हंसते हुए उन्होंने कहा कि वो फैंस को मुंबई के शानदार नजारों की एक झलक दिखाकर अपनी 'अमीरी' दिखाना चाहते हैं, जिसका वो अपने घर से आनंद ले सकते हैं। सुदेश लहरी ने अपने घर के दौरे की शुरुआत अपने लिविंग रूम से की, जिसे हाथ से चुने गए फर्नीचर और वॉलपेपर से सजाया गया है। उसके बाद अपना खुद का बेडरूम दिखाया, जहां उन्होंने एक खास चाय कॉर्नर भी बनवाया है। आपको बता दें कि सुदेश के घर के अंदर एक स्टूडियो भी है, जहां वे अपना संगीत रिकॉर्ड करते हैं. दौरे के दौरान, उन्होंने यह भी बताया कि वे घड़ियों के शौकीन हैं।

### द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 8 से मिली लोकप्रियता

बता दें कि सुदेश करीब दो दशक से इंडस्ट्री में बतौर कॉमेडियन और एक्टर सक्रिय हैं। हालांकि, द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 8 में हिस्सा लेने के बाद वे मशहूर हुए। वो कपिल शर्मा के कॉमेडी शो समेत कई अन्य कार्यक्रमों में भी नजर आते हैं।

# सबसे कमाऊ फिल्म के एटली थे निर्देशक
## 'मर्सेल' है सामंथा की सबसे कमाऊ फिल्म

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु की गिनती उन अभिनेत्रियों में की जाती है, जिन्होंने बॉलीवुड डेब्यू से पहले हिंदी पट्टी के दर्शकों के बीच खास पहचान हासिल कर ली है। 28 अप्रैल को सामंथा अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने 'द फैमिली मैन 2' से हिंदी दर्शकों के बीच पहचान बनाई। 'पुष्पा' के गाने 'ऊ अंतावां' ने भी उन्हें खूब शोहरत दिलाई। सामंथा ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है, लेकिन क्या आप उनकी सबसे कमाऊ फिल्म का नाम जानते हैं? सामंथा की सबसे कमाऊ फिल्म का नाम 'मर्सेल' है, जो साल 2017 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' के निर्देशक एटली ने किया था। सामंथा के साथ इस फिल्म में थलापति विजय, एस जे सूर्या और नित्या मेनन जैसे कलाकारों ने अभिनय किया था। 120 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'मर्सेल' ने बॉक्स ऑफिस पर 257 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।यह फिल्म जी5, नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।



### कुछ ऐसा रहा सामंथा का करियर

सामंथा ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2010 में आई तेलुगू फिल्म 'ये माया चेसावे' के जरिए की थी, जिसमें वह अपने पूर्व पति और अभिनेता नागा चैतन्य के साथ नजर आई थीं। इसके बाद सामंथा ने 'बाण काठडी', 'मॉस्कोइन कावेरी', 'बृंदावनम', 'ऑटोनगर सूर्या', 'यशोदा' और 'सीथम्मा वाकिटलो सिरिमल्ले चेट्टु' जैसी फिल्मों में काम किया। पिछली बार सामंथा फिल्म 'कुशी' (2023) में नजर आई थीं। अभिनेत्री की आने वाली फिल्मों में 'शुभम' और 'मां इंति बंगाराम' शामिल हैं।

# दो बार एक ही नाम से बनीं फिल्में
## आखिरी वाली ने तो कमाल ही कर दिया

*मुंबई। इन दिनों सैफ अली खान फिल्म 'ज्वेल थीफ' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में सैफ के साथ अभिनेता जयदीप अहलावत नजर आ रहे हैं। इस नाम से पहले भी फिल्म बन चुकी है, जिसमें देव आनंद नजर आए थे और यह फिल्म साल 1967 में रिलीज हुई थी। एक ही नाम से 2 फिल्में बनाने का चलन बॉलीवुड में लंबे समय से चला आ रहा है। आइए आज ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जानें।*



***'दिलवाले'*** : साल 1994 में आई फिल्म 'दिलवाले' में अजय देवगन, सुनील शेट्टी और रवीना टंडन नजर आए थे। इस फिल्म में पहले दिव्या भारती को लिया गया था, लेकिन अचानक हुई उनकी मौत के बाद इसमें रवीना को साइन किया गया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही थी। बाद में इसी नाम से रोहित शेट्टी फिल्म लेकर आए, जिसमें शाहरुख खान, काजोल, वरुण धवन और कृति सैनन ने मुख्य भूमिका निभाई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन किया था।




***'बागी'*** : सलमान खान साल 1990 में फिल्म 'बागी' लेकर आए थे, जिसमें उनके साथ नगमा ने लीड रोल किया था। पिता सलीम खान के नक्शे कदम पर चलते हुए सलमान ने 'बागी' से बतौर स्क्रिप्ट राइटर शुरुआत कर दी थी। फिल्म लेखक जावेद सिद्दिकी के साथ मिलकर सलमान ने 'बागी' की पटकथा का जिम्मा संभाला था और बतौर लेखक अभिनेता की पहली कोशिश सफल रही थी। उधर साल 2016 में टाइगर श्रॉफ 'बागी' लेकर आए, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट रही।



***'दोस्ताना'*** : 'दोस्ताना' नाम की फिल्म ने अलग-अलग दशक में दोस्ती और प्यार की कहानी को अलग ढंग से बयां किया। साल 1980 में राज खोसला की 'दोस्ताना' एक गंभीर एक्शन-ड्रामा थी, जिसमें अमिताभ बच्चन और शत्रुघ्न सिन्हा ने 2 दोस्तों की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म सुपरहिट थी। दूसरी ओर 2008 में आई 'दोस्ताना' एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी थी, जिसमें अभिषेक बच्चन और जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में थे। ये फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।

## खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर 'द भूतनी' का ट्रेलर दर्शकों को आया बेहद पसंद

# बॉक्स ऑफिस पर मई में होगा महामुकाबला, अजय और संजय से शुरू होगी जंग

*मुंबई। जहां अप्रैल में कई बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों से सिनेमाघर गुलजार रहे, वहीं मई का महीना भी सिनेप्रेमियों के लिए बेहद खास रहने वाला है, क्योंकि कई चर्चित फिल्में सिनेमाघरों का रुख करने के लिए तैयार हैं। ये वो फिल्में हैं, जिनमें दर्शकों को एक्शन से लेकर, रोमांस, रोमांस, कॉमेडी और खूब ड्रामा देखने को मिलेगा। कई सितारों की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर आमने-सामने होंगी। आइए नजर डालें मई में आने वाली चर्चित फिल्मों पर।*

**'रेड 2'**: शुरुआत करते हैं 'रेड 2' से, जिसके हीरो हैं अजय देवगन और विलेन हैं रितेश देशमुख। फिल्म में इस बार अजय की पत्नी का किरदार अभिनेत्री वाणी कपूर ने निभाया है, जबकि 'रेड' में इलियाना डिक्रूज इस भूमिका में नजर आई थीं। 'रेड' पर दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी खूब प्यार लुटाया था। ऐसे में 'रेड 2' से न सिर्फ अजय, बल्कि उनके प्रशंसकों को भी बड़ी उम्मीदें हैं। यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों का रुख करेगी।




**'द भूतनी'** : एक ओर जहां अजय 1 मई को 'रेड 2' लेकर आ रहे हैं, वहीं संजय दत्त इसी दिन अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' के साथ सिनेमाघरों में आएंगे। इसमें मौनी रॉय, श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी और सनी सिंह भी दर्शकों का मनोरंजन करते दिखेंगे। खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को बेहद पसंद आया। अब देखना ये है कि 'रेड 2' और 'द भूतनी' में बॉक्स ऑफिस पर बाजी कौन मारती है।







### ये फिल्में भी होंगी आमने-सामने

16 मई को सुनील शेट्टी 'केसरी वीर' ला रहे हैं, उसी दिन पुलकित सम्राट की 'सुस्वागतम खुशामदीद' रिलीज हो रही है। उधर 30 मई को सोनाक्षी सिन्हा और परेश रावल की फिल्म 'निकिता रॉय' और साउथ के स्टार विजय देवरकोंडा की 'किंगडम' पर्दे पर आएगी।

**'हरि हर वीरा मल्लू'** : सुपरस्टार पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' को लेकर भी दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यह यूं तो तमिल भाषा की फिल्म है, लेकिन फिल्म पवन कल्याण की है, जिनकी फैन फॉलोइंग जबरदस्त है, वहीं बॉबी देओल भी इस फिल्म में हैं। फिल्म में बॉबी का एक खूंखार अवतार देखने को मिलेगा, वहीं पवन आमजन के लिए लड़ते दिखेंगे। इसका सामना 9 मई को बॉक्स ऑफिस पर 'भूल चूक माफ' से होगा।



**'भूल चूक माफ'** : अभिनेता राजकुमार राव पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'भूल चूक माफ' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री वामिका गब्बी के साथ बनी है। यह पहला मौका है, जब राजकुमार और वामिका किसी फिल्म में रोमांस करते नजर आएंगे। 'स्त्री' फ्रैंचाइजी वाले दिनेश विजान ने इस फिल्म पर पैसे लगाए हैं। सीमा पहवा भी फिल्म का हिस्सा हैं। 'भूल चूक माफ' 9 मई को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी।



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य नवाचार, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, निर्यात व उद्यमिता को बढ़ावा देना है। इस वर्ष कुल 44 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिनमें विनिर्माण, सेवा, विशेष श्रेणियों और संस्थागत समर्थन से जुड़ी श्रेणियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित की गई है और एक उद्यमी एक से अधिक श्रेणियों में आवेदन कर सकता है।

### बुकिंग के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 से शहरी क्षेत्र के लिए योजना शुरू की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बेघर लोगों को पक्का घर देना है ताकि वह बेघर न रहे। जिन लोगों के घर कच्चे हैं, वह भी इस योजना का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद पात्र नागरिकों को आवास दिलाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है जिसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल है।


झज्जर। संवाददाता सम्मेलन के दौरान उपस्थित मनोज कुमार व कर्मजीत छिल्लर। फोटो : हरिभूमि

### बाल विवाह रोकने को दें सहयोग: छिल्लर

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल के आदेशानुसार तथा एमडीडी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में अक्षय तृतीया के दिन होने वाले संभावित बाल विवाह की रोकथाम के लिए मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान मौजूद एमडीडी ऑफ इंडिया के जिला समन्वयक मनोज तथा पीड़ित सहायता समन्वयक कर्मजीत छिल्लर ने कहा कि अक्षय तृतीया के दिन या अन्य दिनों में बाल विवाह ना हो इसके लिए धार्मिक संस्थानों पर नजर रखी जा रही है। सभी जगह यह संदेश प्रसारित किया जा रहा है कि सभी धर्म गुरु अपने यहां बाल विवाह ना होने दें। धर्म गुरुओं व आमजन से अपील की जा रही है कि अगर उन्हें कहीं से बाल विवाह की सूचना मिलती है तो वे जिला प्रशासन द्वारा जारी नंबर पर सूचना दें।

# शहर को स्वच्छ बनाने व यातायात दुरुस्त करने को लेकर किया मंथन

## एसीपी ने की नगर परिषद चेयरमैन, पार्षदों व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ की बैठक


झज्जर। बैठक के दौरान चरचा करते हुए एसीपी अखिल कुमार, नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को एसीपी अखिल कुमार व थाना प्रभारी नरेश संधु ने नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी, वार्ड पार्षदों व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में शहर को स्वच्छ बनाने व यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के संबंध में विचार विमर्श किया गया।

मीटिंग में उपस्थित मौजिज व्यक्तियों ने आश्वासन दिया कि सभी दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों के आगे डस्टबिन रखेंगे और अतिक्रमण के खिलाफ भी पूरा सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा सभी दुकानदारों को अतिक्रमण न करने के बारे में जागरूक किया जाएगा। अगर फिर भी कोई दुकानदार अतिक्रमण करता है तो नगर परिषद द्वारा उनके चालान किए जाएंगे।

■ मीटिंग में उपस्थित मौजिज व्यक्तियों ने आश्वासन दिया कि दुकानदार दुकानों के आगे डस्टबिन रखेंगे और अतिक्रमण के खिलाफ भी पूरा सहयोग किया जाएगा

### ये रहे मौजूद

इस दौरान वार्ड पार्षद यशपाल, पार्षद दिनेश छिकारा, पार्षद जयपाल सिंह, राकेश अरोड़ा, डॉक्टर गौतम आर्य सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## दुर्घटनाएं रोकने के लिए यातायात नियमों की पालना जरूरी: डीसीपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला पुलिस द्वारा निरंतर आमजन को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया जा रहा है परंतु फिर भी आए दिनों सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इस संबंध में डीसीपी लोगेश कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों की पालना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यातायात के नियमों का पालन करके हम काफी हद तक सड़क दुर्घटनाओं से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क पर तीन तरह के सिग्नल होते हैं जिन पर प्रत्येक वाहन चालक को ध्यान देना व उनकी जानकारी होना बहुत आवश्यक है। जिनमें आदेशात्मक चिन्ह, सचेतक सड़क चिन्ह जो चेतावनी देते हैं और सूचनात्मक सड़क चिन्ह जो सूचना प्रदान करते हैं सभी चिन्ह अलग-अलग रंग व आकार के होते हैं।

### सही लेन में गाड़ी चलाएं

अधिकतर देखने में आता है कि सड़क दुर्घटना होने के मुख्य कारण सही लेन में गाड़ी ना चलाना, कई घंटों तक लगातार ड्राइविंग करना, नींद को इग्नोर करना, नशा करके गाड़ी चलाना व वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करना, सीट बेल्ट व हेल्मेट का प्रयोग न करना आदि है। उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस द्वारा निरंतर आमजन को यातायात नियमों की पालना करने को लेकर जागरूक किया जा रहा है।


लोगेश कुमार, डीसीपी

■ आमजन को यातायात के नियमों के बारे में किया जा रहा है जागरूक

नियमों की अवेहलना करने वाले वाहन चालकों के चालान भी किए जा रहे है। डीसीपी लोगेश कुमार ने कहा कि पुलिस प्रशासन लोगों को जागरूक करने के लिए समय समय पर जागरूकता अभियान चलाता रहता है। स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को भी जागरूक किया जता है। सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए लोगों को भी आगे आना होगा। अभिभावक अपने 18 साल से कम बच्चों को वाहन न दें।

## बुजुर्ग महिला से सोने के गहने ठग ले गए शातिर

**बहादुरगढ़।** इलाके में बुजुर्ग महिलाओं के साथ ठगी की वारदात बढ़ रही हैं। अब यहां रोहतक-दिल्ली रोड पर सरेराह एक बुजुर्ग महिला से सोने के आभूषण ठग लिए गए। एक शातिर शख्स ने महिला साथी के संग मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। सिटी थाने से कुछ ही दूरी पर यह वारदात हुई है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।




■ सिटी थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

वारदात गुरु नानक कॉलोनी की निवासी इंद्रावती के साथ हुई है। करीब 74 वर्षीय इंद्रावती शाम पांच बजे सामान लेने बाजार जा रही थी। रोहतक-दिल्ली रोड पर जब बिरला ओपन माइंड स्कूल के पास पहुंची तो एक व्यक्ति और औरत उसे मिले। दोनों ने इंद्रावती से कहा कि आप थक गए होंगे, थोड़ा आराम कर लो। इसके बाद उन्होंने बुजुर्ग को बातों में उलझा लिया और बहला फुसला कर कानों से सोने के टॉप्स निकलवा लिए। बुजुर्ग महिला जब तक कुछ समझ पाती, आरोपी चंपत हो चुके थे। इसके बाद उसने शोर मचाया और अपने परिवार के सदस्यों को मामले से अवगत कराया। परिवार की ओर से पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सिटी थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान के लिए वारदात स्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक की जा रही है। जल्द से जल्द वारदात सुलझाने की बात कही जा रही है। बता दें कि बहादुरगढ़ में सरे राह दिन दहाड़े इस तरह की वारदात हो रही हैं। लगभग सभी वारदात अनसुलझी हैं।

## मुनाफा कमाने के झांसे में गंवाए 10 लाख 94 हजार

**झज्जर।** साइबर ठगों ने टेलीग्राम लिंक के माध्यम से होटलों को फाइव स्टार रेटिंग देकर मुनाफा कमाने का झांसा देते हुए शहर के दमदमा मौहल्ला निवासी एक युवक के साथ 10 लाख 94 हजार 636 रुपयों की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित युवक ने बताया कि एक प्राइवेट कंपनी में कार्यरत है। बीती 19 अप्रैल को उसके मोबाइल पर एक व्हाट्सअप मैसेज आया और उसे होटल को फाइव स्टार रेटिंग देने के नाम 120 रुपये मुनाफा देने का झांसा दिया।

■ साइबर ठगों ने टेलीग्राम लिंक के माध्यम से होटलों को फाइव स्टार रेटिंग देने का झांसा दिया

इसके बाद जब उसने फाइव स्टार रेटिंग दे दी तो उसने एक टेलीग्राम ग्रुप का लिंक भेजते हुए ज्वाइन कराया गया और उसकी यूपीआई आईडी भी मांगी। इसके बाद जब उसने ग्रुप में कोड शेयर किया तो दस मिनट के अंदर उसके खाते में 120 रुपये आ गए। पीड़ित के अनुसार इसके बाद उसने अपने खाते से 19 अप्रैल को दो हजार, पांच हजार व 2200 रुपये, 20 अप्रैल 5000 रुपये, 25800 रुपये, 75,000 रुपये, 1,58,000 रुपये और 2,18,000 रुपये शातिरों द्वारा बताए गए खातों में ट्रांसफर किए। इसके बाद 21 अप्रैल को 90-90 हजार रुपये की दो ट्रांजेक्शन, 22 अप्रैल को 1,20,000 रुपये, एक लाख रुपये फिर 1,03,636 रुपये और उसके बाद फिर से एक लाख रुपये की ट्रांसफर किए। इस प्रकार उसके साथ कुल 10,94,636 रुपये की ठगी की गई है। जब उसे साइबर फ्रॉड का पता चला तो उसने साइबर पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।


झज्जर। पोस्टमार्टम के दौरान शवगृह के बाहर उपस्थित परिजन।

## पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंपे प्रवासी श्रमिकों के शव

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव कुतानी में मत्स्य पालन फार्म पर कार्य करने वाले दो प्रवासी श्रमिकों की वाटर टैंक में गिरने से हुई मौत के मामले में मंगलवार को पुलिस द्वारा दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस द्वारा मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम चिकित्सकीय बोर्ड द्वारा कराया गया है। इस दौरान मृतक सुमन राय के पिता राजन राय के बयान के आधार इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई। मृतक युवकों की पहचान असम के गोलपारा निवासी सुमन राय पुत्र राजन राय तथा मेघालय के वेस्ट गैरो हिल्स निवासी निपुण पुत्र सलमोनी के तौर पर हुई थी। दोनों युवक यहां मछली फार्म पर कार्य करते थे।

## ऑनलाइन राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी में गांधी मेमोरियल कॉलेज की नंदिता ने मारी बाजी

**झज्जर।** मंगलवार को स्थानीय महाराजा अग्रसेन कॉलेज फॉर वूमेन तथा गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स पलवल के संयुक्त तत्वावधान में बीती 26 अप्रैल को साइकोलॉजी विषय पर आयोजित ऑनलाइन राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में मनोविज्ञान विषय के प्रति रुचि एवं जागरूकता बढ़ाना तथा उनके बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतियोगिता में देशभर के लगभग पचास महाविद्यालयों से कुल 232 पंजीकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 117 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से प्रतियोगिता में भाग लिया। महाराजा अग्रसेन कॉलेज फॉर वूमेन की प्राचार्या डॉक्टर माधवी शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता परिणामों में गांधी मैमोरियल नेशनल कॉलेज अंबाला कैंट की छात्रा नंदिता ने प्रथम, आरटीएमएनयू हिसलॉप कॉलेज नागपुर की छात्रा लिस ए फ्रांसिस ने द्वितीय तथा इसी संस्थान के छात्र निखिल लंकेश्वर बुरड़े ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स, पलवल की प्राचार्या डॉक्टर गगनदीप कौर ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर नीतू जैन व डॉक्टर पूनम की सराहना की।

# कार्यकर्ताओं ने इनेलो का स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इंडियन नेशनल लोकदल का स्थापना दिवस मंगलवार को दिल्ली-रोहतक रोड स्थित इनेलो कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी व कार्यकर्ताओं ने स्व. ताऊ देवीलाल व स्व. ओमप्रकाश चौटाला के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान कार्यकर्ताओं को पार्टी के चश्मे के निशान वाला झंडे भी वितरित किए गए।

शीला नफे सिंह राठी ने कहा कि ताऊ देवीलाल द्वारा 29 अप्रैल 1998 को इनेलो पार्टी की स्थापना की गई थी। आज भी इनेलो का कार्यकर्ता विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं से मजबूत है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में लोग मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं, कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। लोग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, लेकिन आने वाले समय में जनता ऐसी जनविरोधी नेताओं को सत्ता से बाहर करेगी। उन्होंने कहा कि स्व.


बहादुरगढ़। कार्यकर्ताओं को संबोधित करतीं शीला नफे सिंह राठी। फोटो : हरिभूमि

नफे सिंह राठी की हत्या को लगभग सवा साल बीत चुका है, लेकिन उनके हत्यारे व साजिशकर्ता आज भी खुलेआम घूम रहे हैं। हमें कानून व्यवस्था पर पूर्ण विश्वास है कि उन्हें शीघ्र न्याय मिलेगा। कपूर सिंह राठी, युवा इनेलो प्रदेश प्रधान महासचिव जितेंद्र नफे सिंह राठी, राम निवास सैनी, अशोक परनाला, महेंद्र दलाल आसोदा, ईश्वर छिल्लर, साहब सिंह दलाल, पार्षद रमन यादव, पार्षद बिजेंद्र दलाल, प्रदीप सिन्हा, प्रेम बंसल, भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने भी अपने विचार रखे। शीला नफे सिंह राठी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने निवास व कार्यालय पर पार्टी का झंडा लगाएं।

# करंट से कंपनी कर्मचारी की मौत शव गेट पर रखकर किया हंगामा

■ परिजनों की मांगें मानने के बाद मामला हुआ शांत, मौके पर मौजूद रहा पुलिस बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रालियावास की एक कंपनी में करंट लगने से कर्मचारी की मौत हो गई। परिजनों ने कंपनी प्रबंधन पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं करने के आरोप लगाते हुए केस दर्ज करा दिया।

बाद में परिजनों ने शव कंपनी के गेट के पास रखकर जमकर हंगामा किया।परिजनों की मांगें स्वीकार करने के बाद मामला शांत हो गया। इस दौरान कसोला थाने से एसएचओ व पुलिसबल





मौके पर मौजूद रहा। रालियावास निवासी करीब 52 वर्षीय रामपाल 2 साल से निगानियावास रोड पर एक लॉजिस्टिक कंपनी में इलेक्ट्रियन था। सोमवार को शाम के समय कंपनी के बिजली कक्षा में काम करते समय वह करंट की चपेट में आ गया। कंपनी कर्मचारियों ने उसे तुरंत ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। उसके भाई वेदपाल ने पुलिस बयान में आरोप कि कंपनी प्रबंधन की ओर से सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए हुए हैं। कंपनी की ओर से बिजली का काम करने वाले कर्मचारियों को दस्ताने व रबड़ के जूते तक नहीं दिए जा रहे। उसका भाई प्रबंधन से कई बार सुरक्षा इंतजाम कराने की बात कह चुका था, परंतु प्रबंधन ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाए। कसोला पुलिस ने वेदपाल के बयान पर प्रबंधन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने सामान्य अस्पताल से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## नायब तहसीलदार पोस्ट पर ज्वाइनिंग की मांग

**रोहतक।** पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के राज्य प्रधान जयवीर सिंह ने सरकार से मांग की है कि महकमे द्वारा नायब तहसीलदार की पोस्ट पर पदोन्नति किए गए कर्मचारियों को तुरंत ड्यूटी ज्वाइन करवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नायब तहसीलदारों के कमी के चलते राजस्व विभाग के कार्यों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। एसोएशिन काफी लंबे समय से ड्यूटी ज्वाइन करवाने की मांग कर रही है। लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है।

उन्होंने कहा कि एक महीने पहले ही कानूनगों को तहसीलदार प्रमोट किया गया है। लेकिन अब परिणाम घोषित करने के बाद भी नायब तहसीलदार की पोस्ट पर ज्वाइन नहीं करवाया जा रहा है। सिंह ने बताया कि रिजल्ट परीक्षा के छह महीने बाद वैसे ही घोषित किया गया था। प्रधान ने कहा चार पहले सरकार ने पटवारियों को नौकरी तो ज्वाइन करवा ली। लेकिन इन्हें आज तक वेतन नहीं दिया गया। ये सरकार की बड़ी लापरवाही का नूमना है। सिंह ने कहा कि कोई भी कर्मचारी क्या चार महीने तक बिना सेलरी के ड्यूटी कर सकता है।

## चिराग की शतकीय पारी से गोयल क्रिकेट क्लब छह विकेट से जीता

**रोहतक।** बख्तावर क्रिकेट ग्राउंड पर मंगलवार को खेले गए 40 ओवर के अभ्यास मैच में गोयल क्रिकेट क्लब ने श्री जयनारायण क्रिकेट क्लब को छह विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मैच में गोयल क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। गेंदबाजों ने कप्तान के इस फैसले को सही साबित करते हुए जय नारायण क्लब की टीम को 40 ओवरों में 184 रन पर ही सीमित कर दिया। गोयल क्लब की ओर से परी शर्मा ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार विकेट चटकाए, जबकि अभिनव गुप्ता ने दो विकेट अपने नाम किए। जय नारायण क्लब के लिए भौतिक ने सर्वाधिक 56 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी गोयल क्लब की टीम ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए मात्र 20 ओवरों में ही 185 रन बना लिए और मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। टीम की जीत के नायक रहे चिराग नायक, जिन्होंने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए शतक (100 रन) जड़ा।

**प्रदर्शन** लापता होने की स्थिति में अर्बन एस्टेट पुलिस थाने में दी शिकायत

# घरेलू कामगार सरोज 15 दिन से लापता, मजदूरों में रोष, पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के विनय नगर निवासी घरेलू कामगार सरोज पिछले 15 दिन से लापता। इस मामले में पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। जिसके कारण मजदूरों में रोष है। शहर के विनय नगर निवासी सरोज 14 अप्रैल शाम को घर से काम के लिए निकली। उसके बाद उसका पति धर्मेंद्र अपनी लापता पत्नी को पूरी रात ढूंढता रहा। लापता होने की स्थिति में उसने अर्बन एस्टेट पुलिस थाने में शिकायत दी। एफआईआर दर्ज होने के 2 सप्ताह बाद भी ना तो पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की और ना ही अन्य



जांच कर कोई ठोस कार्रवाई की है। इससे नाराज पीड़ित धर्मेंद्र ने मजदूर संगठन सीटू से मदद मांगी और देर शाम देवीलाल पार्क में इकट्ठा होकर सैकड़ो मजदूर महिला पुरुषों ने रोष सभा का आयोजन किया।

### ये रहे मौजूद

मीटिंग में कहा गया कि लापता सरोज को ढूंढने के लिए पुलिस सक्रियता से काम नहीं कर रही है। ऐसी स्थिति में उसके साथ कोई अनहोनी ना हो जाए। इस मौके पर सीटू जिला सचिव कामरेड विनोद, भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला कोषाध्यक्ष धर्मदास, इकाई प्रधान गयाप्रसाद, सेक्टर-1 इकाई के सचिव प्रताप के अलावा मुन्ना, महेंद्र, संदीप, भोलू, संतराम, मदन, सावित्री, सुंदरी, बृजेंद्र, रामरति, जयपाल, नंदराम, ज्ञान देवी, फूलवती, सुनील, जयप्रकाश, रामकुमार भी मौजूद रहे।

## घरेलू विवाद में पहुंचे पुलिस कर्मियों के साथ की हाथापाई

**रेवाड़ी।** गुरावड़ा गांव में घरेलू विवाद के चलते एक कॉल पर पहुंची ईआरवी के स्टाफ के साथ मारपीट करने व एसपीओ की वर्दी फाड़ने के आरोप में रोहड़ाई थाना पुलिस ने महिला सहित दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। शास्त्री नगर में रहने वाली संजू देवी ने अपनी बेटी का विवाह गुरावड़ा निवासी कुलदीप के साथ किया था। कुलदीप और उसकी पत्नी के बीच विवाद चल रहा है। उसकी पत्नी ने मायके जाने की जिद की, तो कुलदीप व उसके माता-पिता ने उसे जाने से मना कर दिया। पुलिस के अनुसार रात को कुलदीप की सास संजू देवी रोहतक के जिंद्रान निवासी सिलेसिंह के साथ गुरावड़ा पहुंच गई।

**सूचना**

हम, करतार सिंह पुत्र श्री रामदिया व श्रीमति सुशीला पत्नी श्री करतार सिंह निवासी मकान नंबर 1079/3, गली नंबर 3, न्यु शिव मंदिर, लाईनपार, सुभाष नगर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करते हैं कि हमारा पुत्र पंकज व पुत्रवधु मुस्कान हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। डॉ. ललित भनोट को बधाई देते चरण सिंह राठी।

### खिलाड़ियों ने ललित भनोट को दी बधाई

**बहादुरगढ़।** राष्ट्रमंडल खेल से जुड़े मामले में ईडी ने जांच बंद कर दी है। ईडी की ओर से डॉ. ललित भनोट को कॉमनवेल्थ खेल घोटाले में क्लीन चिट तथा धन शोधन का कोई सुबूत न मिलने पर केस बंद करने की सिफारिश की गई है। इस पर भनोट के समर्थकों ने खुशी जताई है। यहां सराय औरंगाबाद स्थित डॉ. ललित भनोट एथलेटिक्स एकेडमी पर सभी खिलाड़ियों और कोचों ने खुशी का इजहार किया। भीम अवॉर्डी चरण सिंह राठी ने डॉ. ललित कुमार भनोट से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। राठी ने कहा कि ललित ने पूरा जीवन खेलों के विकास में लगा दिया। अंत में सत्य की जीत हुई है।

### मोटरसाइकिल चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** शहरी क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पुलिस टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरीशुदा बाइक भी बरामद की गई। दोनों आरोपी न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए हैं। सिटी एचएचओ हरेश कुमार के अनुसार, शिव चौक के निवासी विनय ने शिकायत दी थी कि 28 अप्रैल को मेरी मोटरसाइकिल नंदी शाला स्टेडियम के पास से चोरी हो गई है। इस शिकायत पर केस दर्ज किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपी पकड़े गए। आरोपियों की पहचान अंकित निवासी छारा और टीनू निवासी रोहद के रूप में हुई। आरोपी से चुराई गई बाइक बरामद कर ली गई है।

### पुलिस ने महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया



बहादुरगढ़। स्कूल में जागरूक करने पहुंची पुलिस टीम।

**बहादुरगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बराही में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं, शिक्षकों व महिला स्टाफ को दुर्गा शक्ति एप, डायल 112 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। एएसआई सरला देवी ने छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस की इससे आपातकालीन स्थिति में 112 से जुड़कर महिलाएं अपनी यात्रा को सुरक्षित करने में सक्षम हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा के प्रति पुलिस व सरकार गंभीर है। इस दिशा में कई सार्थक कदम उठाए गए हैं।

## वाहन चालक परेशान, सांस लेने में भी परेशानी

# फसलों के अवशेष जलाने से झज्जर रोहतक मार्ग पर मुश्किल हुआ सफर



झज्जर। झज्जर। गांव लकड़ियां में फसल अवशेषों में लगाई गई आग से उठता हुआ धुआं। *फोटो: हरिभूमि*

### धुएं और तपिश के कारण दुपहिया वाहन चालकों को दुर्घटना होने का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

इन दिनों किसान नियमों को ताक पर रखते हुए फसल अवशेषों को आग के हवाले कर रहे है। जिसके कारण जहां वातावरण प्रदूषित हो रहा है, वहीं वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सांय ढलते ही किसान फसल अवशेषों में आग लगा रहे है। हालांकि यह स्थिति सभी मार्गो पर है, लेकिन झज्जर रोहतक मार्ग पर हालत सबसे ज्यादा गंभीर है। आग लगने के कारण आसमान में धुआं ही धुआं छा जाता है। जिसके कारण जहां सांस लेने में परेशानी होती है, वहीं धुएं और तपिश के कारण दुपहिया वाहन चालकों को दुर्घटना होने का अंदेशा भी बना रहता है। प्रशासनिक स्तर पर भले ही फसल अवशेष जलाने पर प्रतिबंध लगा रखा हो, लेकिन ऐसा करने वाले किसानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसके कारण किसानों के हौंसले बुलंद है और प्रतिदिन फसल अवशेषों में आग लगा रहे है।

फसल अवशेष जलाने पर होगी कानूनी कार्रवाईः डीसी प्रदीप दहिया ने कहा कि जिले में फसल अवशेषों को आग लगाना भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधित है और ऐसे मामलों में सूचना मिलते ही जिला प्रशासन द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी उन्होंने संबंधित एसडीएम और कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अलावा संबंधित विभागीय अधिकारियों को फील्ड में निरंतर निगरानी रखने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा हर आगजनी की घटना की जवाबदेही तय होगी।



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में लगी गेहूं की ढेरियां।

### एक लाख 69 हजार 107 एमटी गेहूं व 33 हजार 485 एमटी सरसों की हुई खरीद

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने खरीद एंजेसियों के अधिकारियों को खरीदी गई उपज के उठान की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि जिला की मंडियों में एक लाख 69 हजार 107 एमटी गेहूं की खरीद की गई है और अब तक 1 लाख 95 हजार 32 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। जबकि एक लाख 1 हजार 23 हजार 882 मीट्रिक टन गेहूं का उठान हो चुका है। 33 हजार 485 एमटी सरसों खरीद की जा चुकी है, जबकि 34 हजार 990 मीट्रिक टन सरसों की आवक दर्ज की गई है। वहीं 31 हजार 211 मीट्रिक टन सरसों का उठान हो चुका है। उन्होंने खरीद कार्य से जुड़े अधिकारियों व एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि वे किसानों को तय समय सीमा में भुगतान के साथ ही खरीदी गई उपज की लिफ्टिंग कार्य साथ साथ पूरा कराएं ताकि मंडियों में जगह की समस्या न हो।

### डायल 112 पर दें सूचना

डीसी प्रदीप दहिया ने आमजन और किसानों से अपील की कि यदि कहीं भी अवशेष जलाने की घटना नजर आती है तो तुरंत डायल 112 या जिला प्रशासन के अधिकारियों को सूचित करें ताकि समय रहते राहत और बचाव कार्य किया जा सके और पर्यावरण को नुकसान से बचाया जा सके।



झज्जर। मीटिंग के उपरांत मंगलवार को देशव्यापी हड़ताल के पोस्टर दिखाते हुए कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

# मजदूर दिवस पर डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे कर्मचारी

- मीटिंग में बीस मई को होने वाली देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने पर भी किया विचार विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में मंगलवार को सर्व कर्मचारी संघ व सीआईटीयू की जिला कार्यकारिणी की संयुक्त मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान रामवीर ने की जबकि संचालन जिला सह सचिव नरेश छिल्लर द्वारा किया गया। मीटिंग में प्रमुख वक्ता के रूप में राज्य कमेटी से प्रेम सिंह घिलोडिया, वरिष्ठ उप प्रधान अफलातून जाखड़ उपस्थित रहे। इस दौरान जहां आगामी एक मई को मजदूर दिवस मनाने को लेकर चर्चा की गई वहीं चार मई को रोहतक कर्मचारी भवन के अंदर सर्व कर्मचारी संघ की राज्य कन्वेंशन और बीस मई को देशव्यापी हड़ताल में भाग लेने के लिए विचार-विमर्श किया गया। मुख्य वक्ता प्रेम सिंह घिलोडिया ने कहा कि एक मई को मजदूर दिवस को मनाने का मुख्य कारण यह है कि क्योंकि सरकार 44 श्रम कानून को तोड़कर चार लेबर कोड बनाने का प्रयास कर रही है। उससे आने वाले समय में कोई भी कर्मचारी संगठन सरकार के नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज नहीं करवा पाएगा। इस दिन जिले के कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए डीसी कार्यालय पहुंच कर यह दिखाने का प्रयास करेंगे कि श्रम कानून में फेरबदल मजदूर कर्मचारी वर्ग नहीं होने देगा। इसी तरह से बीस मई की देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए जिला कमेटी एक टीम के रूप में तूफानी दौरा करते हुए कर्मचारियों को मोटिवेट करेंगे। इस मौके पर ब्लॉक प्रधान मोहन शर्मा, राकेश खुंडिया, राजेश, प्रवेश मातनहेल, किरण बरहाना, पब्लिक हेल्थ नंबर 41 से रणवीर सिंह, रिटायर्ड कर्मचारी संघ से जिला कैशियर विष्णु जांगड़ा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## एनडीए में एचडी के छात्रों का प्रदर्शन उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास के दस विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की लिखित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र, विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन किया है। सोमवार को घोषित एनडीए परिणाम में इन विद्यार्थियों का चयन सेवा चयन बोर्ड इंटरव्यू के लिए हुआ। इस उपलब्धि पर विद्यालय के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने विद्यार्थियों की तैयारी कराने वाले शिक्षक रोहताश बल्हारा की सराहना की। उत्तीर्ण विद्यार्थियों में सार्थक शर्मा, नवदीप यादव, हेमंत शर्मा, अंशु, दिशांत जाखड़, आर्यन जाखड़, विवेक शर्मा, प्रिंस जाखड़, मोहित जाखड़ और राधिका शामिल हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि एचडी ग्रुप द्वारा एनडीए, आईआईटी, नीट, एनटीएसई, क्लैट और सीए फाउंडेशन जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग दी जाती है, जिससे ग्रामीण प्रतिभाओं को बड़ा मंच मिल रहा है।



झज्जर। शिक्षकों के साथ विजय चिन्ह बनाते हुए एनडीए परीक्षा के सफल विद्यार्थी।

### अंबेडकर छात्र योजना के 650 आवेदन अधूरे

**झज्जर।** जिला कल्याण अधिकारी श्वेता शर्मा ने बताया कि डॉक्टर बी आर अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन 1 अगस्त 2024 से 28 फरवरी 2025 तक आमंत्रित किए गए थे। उन्होंने बताया कि समीक्षा में पाया गया कि इस योजना के कुल आवेदनों में से 650 छात्रों के आवेदन पत्र अधूरे हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों को सूचित किया गया है कि जिन छात्रों ने उक्त योजना के लिए आवेदन किया है, वे अपने अधूरे आवेदन पत्रों को विभाग की वेबसाइट पर जाकर अति शीघ्र पूरा करें।

# संस्कारम् स्कूल के 12 विद्यार्थी एनडीए में सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास के बारह मेधावी विद्यार्थियों ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित एनडीए प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है। सफलता पाने वाले विद्यार्थियों में साक्षी, लक्ष्य, मुस्कान, परीक्षित, अनुज, यश, जिवेश, शुभम खेड़ी खुम्मार, जय कुमार, साहिल, शुभम दूबलधन व दिनेश शामिल हैं।

संस्कारम् ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने बताया कि इस परीक्षा में देशभर से लाखों विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इस उपलब्धि पर चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई देते हुए सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि एनडीए परीक्षा में सफलता के लिए एक मजबूत नींव एवं पाठ्यक्रम की आवश्यकता होती है। संस्कारम् स्कूल में एनडीए की लिखित परीक्षा व एसएसबी की विशेष तैयारी कराई जाती है। स्कूल में कक्षा छठी से बारहवीं कक्षा तक सभी महत्वपूर्ण विषयों की समझ को विकसित करने के लिए विशेष रूप से तैयारी कराई जाती है। परीक्षाओं में समय की कमी से निपटने के लिए मॉक टेस्ट एक प्रभावी उपकरण के रूप में काम करते हैं, जिसकी सुविधा स्कूल द्वारा बच्चों को उपलब्ध कराई जाती है।



झज्जर। एनडीए परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

# पहलगाम पर टिकैत के बयान की भाजपा किसान मोर्चा ने की निंदा

- बोले, ऐसे बयानों से आतंकवादियों व देश विरोधी शक्तियों को ताकत मिलती है इनका किसान करता है विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत द्वारा सिंधु जल संधि पर दिए गए विवादित बयान के बाद सियासत छिड़ गई है। देशभर में उनके बयान पर नाराजगी जताई जा रही है। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम अहलावत ने भी निंदा की है।

उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से पाकिस्तान के खिलाफ कुछ सख्त कदम उठाए गए हैं। इनमें से एक सिंधु जल संधि को रद्द करना है। ऐसी स्थिति में पूरे देश को एक होने की जरूरत है लेकिन नरेश टिकैत का बयान निंदनीय है। इतना ही नहीं, सरकार को उनके बयानों की जांच भी करनी चाहिए।

ऐसे बयानों से आतंकवादियों व देश विरोधी शक्तियों को ताकत मिलती है। इन कथित नेताओं के बयान का भारत का किसान विरोध करता है।



बहादुरगढ़। टिकैत के बयान की निंदा करते भाजपा नेता। *फोटो: हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, संजय सैनी, विनोद जून, मुकेश शर्मा भी मौजूद रहे। सभी ने पहलगाम हमले में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि

# आतंकवाद के विरोध में प्रदर्शन

- आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में परोपकारी सभा सनातन धर्म महावीर मंदिर, महिला शक्ति समिति व सनातन धर्म शिक्षा समिति की ओर से मशाल जुलूस व रोष प्रदर्शन किया गया।

मेन बाजार स्थित महावीर मंदिर के प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। सनातन धर्म शिक्षा समिति स्कूल के प्रिंसिपल श्रीओम राठी ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों द्वारा की गई करतूत से इंसानियत शर्मसार हुई है। आतंकवादियों और आतंकवाद को पालने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। श्रद्धांजलि सभा के बाद मशाल जुलूस व कैंडल मार्च निकालते हुए प्रदर्शन किया गया। पाकिस्तान व आतंकवाद विरोधी नारे लगाए गए।




बहादुरगढ़। आतंकवाद के विरोध में प्रदर्शन करते शहरवासी।

### लाल चौक पर पुतला फूंका

इसके बाद लाल चौक पर पाकिस्तान का पुतला फूंका गया। परोपकारी सभा सनातन धर्म महावीर मंदिर के प्रधान व विहिप के जिला संरक्षक जगदीश ऐलावाधी ने कहा कि आतकंवाद तथा पाकिस्तान का समूल नष्ट किया जाए, तभी मारे गए निर्दोष-निहत्थे हिंदुओं की आत्मा को शांति मिलेगी। महिला शक्ति समिति की प्रधान किटी मुंजाल ने कहा कि पहलगाम की घटना से हमारा मन बहुत दुखी व आहत हुआ है। प्रदर्शन में काफी लोग शामिल थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# स्लोगन में खुशी-तन्नु तो पोस्टर में तमन्ना प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से स्वयंसेविकाओं ने समाज के लोगों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने और एकता का संदेश दिया। एमएड की खुशी, आरती, रीना और बीएड की प्रेरणा, तनु, ज्योति कुमारी, दिव्या, तम्मना आदि ने स्लोगन तथा पोस्टर बनाकर भगवान परशुराम को नमन किया। पोस्टर प्रतियोगिता में तमन्ना प्रथम, खुशी द्वितीय स्थान पर रही।




स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में खुशी-तन्नु प्रथम, रीना-प्रेरणा द्वितीय तथा ज्योति कुमारी-दिव्या तृतीय स्थान पर रही।

## इस दिन किए धार्मिक कार्यों का पुण्य क्षय नहीं होता

# अक्षय तृतीय आज, संपत्ति खरीदना लाभकारी

- इस दिन सतयुग और त्रेतायुग का आरंभ हुआ था इसी दिन भगवान परशुराम का भी अवतार हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया पर्व मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन सतयुग और त्रेतायुग का आरंभ हुआ था। इसी दिन भगवान परशुराम का भी अवतार हुआ था। इसलिए अक्षय तृतीया का धार्मिक दृष्टि से बड़ा महत्व है। ज्योतिषाचार्य पंडित पंकज भारद्वाज ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन किए गए धार्मिक कार्यों से प्राप्त पुण्य का कभी क्षय नहीं होता। इसके साथ हर इस दिन कोई संपत्ति अथवा जमीन आदि खरीदना शुभ माना गया है इससे इसमें वृद्धि होती है।



झज्जर। पंडित पंकज भारद्वाज, ज्योतिषाचार्य।

### पवित्र नदियों में स्नान करने का महत्व

इसके अलावा पवित्र नदियों में स्नान करने, जप, तप, हवन, पूजा करने के साथ गरीबों और जरूरतमंदों को यथाशक्ति दान करने का बहुत अधिक धार्मिक महत्व है। सोने के अतिरिक्त भी कुछ ऐसी वस्तुएं हैं, जिन्हें खरीदने से लाभ प्राप्त होगा। अक्षय तृतीया के दिन खरीदी गई चीजों को शुभ और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। कई लोग सोना, चांदी, प्रॉपर्टी, मिट्टी के घड़े, पीतल के बर्तन आदि खरीदना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार वैशाख के समान कोई मास नहीं है, सत्ययुग के समान कोई युग नहीं हैं, वेद के समान कोई शास्त्र नहीं है और गंगाजी के समान कोई तीर्थ नहीं है। उसी तरह अक्षय तृतीया के समान भी कोई तिथि नहीं है।